तापमान
अधिकतम 16.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 16 जनवरी 2024

10 गांव मलार में बुजुर्गों को वितरित की गर्म चद्दर और शॉल

10 26 को होने वाली ट्रैक्टर परेड के लिए योजना बनाई

खबर संक्षेप

अग्निवीर के लिए छह तक आवेदन आमंत्रित

जींद। अग्निवीर योजना के तहत भारतीय वायु सेना ने अग्निवीर वायु प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन पंजीकरण 17 जनवरी से 6 फरवरी तक किया जाएगा, जिसके लिए ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च से आयोजित होगी।

रोजगार मेले का आयोजन 18 को

नरवाना। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नरवाना में 18 जनवरी को को निओलाइट जेड के डब्लू बहादुरगढ़, युनोमिंडा बहादुरगढ़ तथा बिरला ग्रसिम पेंट डिवीजन लुधियाना कंपनी के द्वारा कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी संस्थान के प्रधानाचार्य अनिल कुमार गोयल ने दी। उन्होंने बताया कि ये कंपनी ऑटो मोबाइल क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी हैं।

अगस्त्य ने स्वर्ण,ईरा ने प्राप्त किया कांस्य पदक

जींद। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में आधारशिला विद्यालय के विद्यार्थियों ने पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। रायपुर में आयोजित 40वीं में एनटीपीसी सब जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में नौवीं कक्षा के छात्र अगस्त्य ने अंडर-17 वर्ग में 60 मीटर रिकवर में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

नवोदयः कक्षा 6 में प्रवेश के लिए परीक्षा बीस को

कैथल। जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम की प्रिंसिपल सुचित्रा गुप्ता ने बताया कि कक्षा छठी के लिए प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति मुख्यालय ने वेबसाइट पर जारी कर दिए है। प्रवेश परीक्षा 20 को सुबह 11:30 से 1:30 बजे तक होगी। बताया कि सभी पंजीकृत छात्र को प्रवेश पत्र के साथ एक फोटो युक्त पहचान पत्र आधार कार्ड आदि लेकर परीक्षा केंद्र पर सुबह 10.30 बजे तक पहुंचना आवश्यक है।

युवती को बहला-फुसला दुष्कर्म का लगाया आरोप

जींद। गढ़ी थाना इलाका गांव की युवती को बहला फुसला कर कैथल होटल में ले जा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। गढ़ी थाना पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ अपहरण करने, दुष्कर्म करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
गढ़ी थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी है।

जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की बैठक

सफीदों। जन स्वास्थ्य विभाग के मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन सफीदों के कर्मचारियों की बैठक हुई। बैठक में विभाग के डिवीजन नंबर दो जींद के कार्यकारी अभियंता कार्यालय में 18 जनवरी को हो रहे घेराव में बढ़ चढ़कर भाग लेने का फैसला लिया गया। मीटिंग के कर्मचारियों ने जमकर रोष प्रकट किया।

बाड़े का ताला तोड़कर तीन पुश चुराए, केस

जींद। गांव निमनाबाद में बीती रात चोरों ने पशुबाड़े का ताला तोड़ कर दो भैंस तथा दो कटड़ियों को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पशुपालक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निमनाबाद निवासी अजायब ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने मकान से कुछ दूरी पर पशुबाडा बनाया हुआ है।

अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

कैथल। सीआईए-1 ने एक आरोपी को 315 बोर अवैध देसी पिस्तौल सहित काबू कर लिया । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 के एचसी तरसेम सिंह व एचसी मनीष की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान राजोंद क्षेत्र में मौजूद थी। सुत्रो से टीम को जानकारी मिली कि मंडवाल निवासी अमनदीप उर्फ अमन के पास अवैध असला है।

बीएसएफ जवान सत्यवान राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन

मोहनगढ़ छापड़ा में किया सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

गांव मोहनगढ़ छापड़ा के बीएसएफ जवान सत्यवान खटकड़ की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। सोमवार को सत्यवान खटकड़ का पार्थिव शरीर गांव में पहुंचा। देशभक्ति नारों के साथ हरियाणा पुलिस, भारतीय सेना ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया। इस दौरान तहसीलदार निखिल सिंगला, डीएसपी अमित भाटिया के साथ-साथ क्षेत्र भर से लोग उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। सत्यवान के पिता रिटायर्ड सूबेदार रामपाल सिंह ने तिरंगा लिया। हाल में सत्यवान खटकड़ की ड्यूटी सीमा सुरक्षा बल रूपनगर कूचबिहार पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर थी। रामपाल सिंह ने बताया कि ड्यूटी से आने के बाद हर रोज सत्यवान घर पर फोन करता था। जिस दिन सत्यवान की ड्यूटी पर मौत होने की सूचना मिली तो उस दिन भी सुबह घर पर बात हुई थी। सत्यवान के घर जब उसका पार्थिव शरीर पहुंचा तो परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल हो गया। परिजनों को यकीन नहीं हो रहा कि सत्यवान उनके बीच नहीं रहा है। हर किसी के आंखे परिजनों को देख कर नम हो रही थी। आंखों में आंसू रूक नहीं रहे थे। ग्रामीण सत्यवान खटकड़ के मिलनसार स्वभाव की चर्चा आपस में कर रहे थे। पिता रामपाल सूबेदार रिटायर होने के चलते फौज में देश के सेवा के लिए जाने के लिए बचपन से ही सत्यवान के अंदर जुनून था। 48 वर्षीय सत्यवान खटकड़ 1995 में बीएसएफ में भर्ती हुए थे। फिलहाल वह योगा इंस्ट्रक्टर के रूप में कार्य कर रहे थे और ड्यूटी के दौरान हृदय गति रूकने से उनका निधन हो गया। सत्यवान खटकड़ की ड्यूटी के दौरान मौत होने की खबर से पूरे गांव में मातम पसर गया। सोमवार को खटकड़ टोल पर उनका पार्थिव शरीर पहुंचा। यहां से देश भक्ति नारों के साथ बाइकों के काफिले के साथ उनके पार्थिव शरीर को गांव में लाया गया। यहां सेना ने अंतिम सलामी दी, इसके बाद अंतिम संस्कार किया गया।

सत्यवान खटकड़ को श्रद्धांजलि अर्पित करते तहसीलदार निखिल सिंगला।

ये रहे मौजूद

सत्यवान खटकड़ अपने पीछे पत्नी कांता देवी और दो बेटियों के अलावा एक बेटा को छोड़ गया। गांव के सरपंच प्रतिनिधि आमीर ने बताया कि सत्यवान खटकड़ बहुत ही साधारण स्वाभाव वाला और मिलनसार था। देशभक्ति की भावना सत्यवान खटकड़ के अंदर कूट-कूट के भरी थी। इस मौके पर सतबीर बरसोला, अशोक आर्य, काला नंबरदार, दिनेश डाहोला, पवन फौजी, आदित्यवेश, दिलबाग संडील, विकास खटकड़, ईश्वर फौजी, वीरेंद्र प्रधान सहित आस-पास के गांवों के ग्रामीण मौजूद रहे।

सुबह के समय धुंध से रेलगाड़ियां लेट, यात्री परेशान

सुबह धुंध-कोहरा, दोपहर को खिली धूप, ठंड से राहत नहीं

अधिकतम तापमान दो डिग्री बढ़ा, न्यूनतम रहा स्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मौसम परिवर्तनशीला के चलते सोमवार को सुबह के समय घनी धुंध छाई। जैसे-जैसे दिन चढ़ने लगा तो सूर्य देवता भी बादलों के बीच से बाहर निकल आए और तेज धूप से लोगों को ठंड से कुछ हद तक राहत दिलाने का काम किया। जिसके चलते अधिकतम तापमान में दो डिग्री की बढोत्तरी हुई और न्यूनतम तापमान स्थित रहा। सोमवार को अधिकतम तापमान 16 डिग्री रहा तो न्यूनतम तापमान चार डिग्री रहा। हवा की गति पांच किलोमीटर प्रति घंटा रही। जबकि आद्रता 60 प्रतिशत दर्ज की गई। जिसके चलते मौसम में ठिठूरन रही। इससे कहीं-कहीं लोगों को सुबह के समय अलाव सेकते देखा गया। दोपहर को गुनगुनी धूप का लुफ्त उठाते देखा गया। मौसम विभाग के अनुसार मौसम लगातार परिवर्तनशील तथा शुष्क रहेगा। सोमवार को दिन का आगाज घनी धुंध तथा कोहरे के साथ हुआ। आंशिक रूप से आकाश में बादल छाए रहे। बाद में सूरज निकला तो धूप भी खिली। जिसके चलते ठंड से राहत मिली। हालांकि सुबह के समय लोगों का सहारा बनी और जगह-जगह लोगों को अलाव सेकते देखा गया। सोमवार को सूर्य देवता के दर्शन देने के चलते अधिकतम तापमान में दो डिग्री की वृद्धि हुई तो न्यूनतम तापमान स्थित रहा। रविवार को अधिकतम तापमान 14 डिग्री व न्यूनतम तापमान चार डिग्री रहा। ठंड को फसलों के लिए फायदेमंद माना जा रहा है। बावजूद इसके रबी सीजन के दौरान अब तक अच्छी बारिश नही हुई है। सुखी ठंड से बेल वाली फसलों पर विपरित प्रभाव पडने लगा है। ठंड से बचाने के लिए किसानों को फसलों की टयूबवैल से शाम को सिंचाई करनी पड रही है। ऐसे में किसानों का कहना है कि अगर अब बारिश होती है तो वो फसल के लिए सोने पर सुहागा स्थापित होगी।

जींद से होकर गुजरने वाली कई ट्रेन धुंध के चलते देरी से चली। ट्रेन नंबर 12439 नांदेड़ से श्रीगंगानगर सात घंटे देरी से पहुंची। ट्रेन 12482 श्रीगंगानगर से दिल्ली एक से डेढ़ घंटे देरी से, 12481 दिल्ली से श्रीगंगानगर आधे घंटे देरी से, ट्रेन नंबर 04432 जाखल से जींद होते हुए दिल्ली जाने वाली ट्रेन सवा घंटे देरी से स्टेशन पर पहुंची। कई और ट्रेनें भी एक से दो घंटे देरी से चली। दो ट्रेनों को धुंध के चलते एक माह तक रद्द किया गया है। अंतरराज्यीय रूटों पर जाने वाली बसें भी निर्धारित समय से देरी से अपने गंतव्य तक पहुंची।

गुहला-चीका। आकाश में देदीप्यमान अपनी चमक बिखेरते सूर्य देवता।

शाम के समय ही सिंचाई करें : डा. राजेश

पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने कहा कि मौसम परिवर्तनशील तथा शुष्क रहेगा। किसान खेतों का प्रतिदिन दौरा करते रहें। फसलों में किसान जरूरत के हिसाब से खाद डालें और शाम को सिंचाई अवश्य करें ताकि फसलों पर ठंड का प्रभाव न पडे।

कैथलः सूर्यदेव ने दिए दर्शन, लोगों ने ली राहत

गुहला-चीका। आज मकर संक्रांति होने व सूरज के उत्तरायण में प्रवेश करने के बावजूद हर रोज की भांति सुबह-सवेरे गहरी धुंध व कोहरे ने लोगों का स्वागत किया परंतु जैसे-जैसे दिन ने चढ़ना शुरू किया तो वैसे-वैसे सूर्य देव ने भी अपने कड़े तेवर अपना लिए और धुंध व कोहरे की छाती को चीरते हुए आकाश देदीप्यमान हो गए। सर्वविदित है कि पिछले करीब एक पखवाड़े से जहां कोल्ड वार जैसी स्थिति बनी हुई थी और सूर्य देवता भी दर्शन नहीं दे रहे थे, जिसके चलते आम जनता का ठंड से बुरा हाल हो रहा था परंतु सूर्य देवता के चमकने के साथ ही वातावरण गर्म होने लगा और लोगों को राहत महसूस हुई। सूरज निकलने के कारण पशु व पक्षियों ने भी धूम में बैठकर धूप का आनन्द लिया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार सूर्य निकलने के बावजूद आज भी मौसम में ठंडक बनी रहेगी और न्यूनतम तापमान 5 डिग्री तो अधिकतम तापमान 13 डिग्री रहने की संभावना है। वहीं कल 16 जनवरी से मौसम का तापमाव बढ़ने की संभावनाएं व्यक्त की गई हैं और अधिकतम तापमान 14 डिग्री से थोड़ा ऊपर रहेगा, वहीं सुबह के समय धुंध और बाद में साफ मौसम रहेगा। बताया जा रहा है कि 17 जनवरी से मौसम में बदलाव होगा और लगातार साफ मौसम बने रहने की संभावना जताई जा रही है।

अलेवा। नगूरां बिजली निगम कार्यालय पर विरोध प्रकट करते किसान।

शेड्यूल के हिसाब से बिजली नहीं मिलने पर बिफरे किसान

- निगम कार्यालय नगूरां पर जताया रोष, जमकर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

डाहौला एपी फीडर पर पड़ने वाले किसानों को शैड्यूल के हिसाब से बिजली न मिलने से क्रोधित किसानों ने सोमवार को निगम कार्यालय नगूरां पर विरोध प्रकट किया। विरोध की सूचना मिलते ही बिजली निगम के जेई निशांत ने मौके पर पहुंचकर किसानों की समस्या का जल्द समाधान करवाने का आश्वासन देकर किसानों को शांत किया। डाहौला एसी फीडर पर पड़ने वाले विभिन्न गांवों के किसान संदीप, विकास, हवा सिंह, नरेश, काला आदि ने बताया कि बिजली निगम द्वारा शुरू से ही इस फीडर के किसानों के साथ बिजली आपूर्ति मामले में भेदभाव किया जा रहा है। किसानों को बड़ी मुश्किल से एक महीने में 50 घंटे की बिजली मिल पाई है। यही नहीं किसानों की समस्या केवल महिनों में होकर सालों से चली आ रही है। किसानों ने मामले को लेकर कुछ माह जींद-कैथल मार्ग पर जाम लगाने का काम किया था, लेकिन किसानों ने जाम के बावजूद भी अभी तक उनको शैड्यूल के हिसाब से बिजली नहीं मिल पाई है। मामले को लेकर बिजली निगम के आलाधिकारियों को मिला जाता है तो उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है। जिसके कारण उनको बिजली आपूर्ति मामले में काफी परेशानियों का सामना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि शैड्यूल के हिसाब से बिजली न मिलने को लेकर गेंहू की फसल बिना पानी के सूखने के कगार है। किसानों ने बिजली निगम के उच्चाधिकारियों से डाहौला एपी फीडर पर शैड्यूल के हिसाब से बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

जल्द होगा समाधानः जेई

नगूरां बिजली निगम के जेई निशांत ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। इस फीडर पर डयूटी दे रहे कर्मचारियों से बात कर किसानों की समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा। इसको लेकर संबंधित फीडर पर पड़ने वाले जेई को मामले को लेकर अवगत करवा दिया है।

33 आरोपितों को धर दबोचा

- ऑपरेशन के तहत की बड़ी कारईवाई अपराधियों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण के तहत अथक प्रयास करते विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करते हुए आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 33 आरोपियों को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस पीआरओ ने बताया कि ऑपरेशन आक्रमण के तहत चले विशेष अभियान में एसपी उपासना के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर कुल 60 टीमों का गठन किया गया। जिसमें 246 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न जगहों पर रेड कर अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते अलग अलग शीर्षक के 14 मामले दर्ज किए गए। जिनमें आबकारी अधिनियम के 11 मामलों में 10 काबू कर 106 देसी व 93 बोतल हथकढी शराब बरामद की है। अभियान के तहत पुलिस द्वारा 5 उद्घघोषित अपराधियों को भी काबू किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि इसके अलावा पुलिस ने सट्टा खाईवाली के 2 मामलों में 2 को काबू करके 2920 रुपये सट्टा राशि बरामद की गई तथा लावारिश हालात में 2 बाइक बरामद की गई। इस मौके पर एसपी उपासना ने कहा कि पुलिस का नारा सेवा सुरक्षा सहयोग है जो पुलिस आमजन की जान माल की सुरक्षा को बरकरार रखते अलग अलग तरह के अभियान चला कर अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसते सेवा सुरक्षा सहयोग के नारे को सार्थक कर रही है। एसपी ने आमजन से भी किसी भी प्रकार की आपराधिक सूचना व शरारती तत्व बारे सूचना देने बारे अपील की है।

पुलिस गिरफ्त में 2 पीओ आरोपी।

बैंक कर्मियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी

- लोन माफी की मांग को लेकर संगठनों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

यूको बैंक के बाहर लोन माफी की मांग को लेकर जनता सरकार मोर्चा, भारतीय किसान यूनियन और किसान छात्र एकता संगठन ने नारेबाजी की। लोगों ने करसोला गांव निवासी महिला के साथ बैंक कर्मचारियों द्वारा बदसलूकी के आरोप भी लगाए। सूचना पाकर जुलाना थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पहुंचे और लोगों को समझाया। थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद लोग मान गए। भीड़ के कारण सड़क पर जाम लग गया। पुलिस ने कड़ी मशक्त के बाद जाम को खुलवाया। करसोला गांव निवासी कमल ने 2018 में यूको बैंक से 5 लाख का बिजनेस लोन लिया था। कुछ दिनों तक कमल ने बैंक का लोन भरा। 2020 में कमल बैंक से भगौड़ा हो गया। बैंक का पांच लाख 74 हजार बकाया हैं बैंक के कर्मचारी कमल की जायदाद पर कब्जा करने के लिए सोमवार को गए थे। सूचना पाकर कई संगठन मौके पर पहुंचे और कब्जा नही करने दिया। वहीं कमल की माता सरोज ने आरोप लगाया कि बैंक के कर्मचारियों ने उसके साथ बदसलूकी की है। उसके बेटे कमल की 2020 में मौत हो गई थी और वो बैंक का लोन भरने मे असमर्थ है। बैंक के कर्मचारी उसके घर आकर उसके साथ बदसलूकी करते हैं। गुस्से में कई संगठन बैंक के बाहर जमा हो गए और बैंक कर्मचारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया।

जुलाना। बैंक के बाहर लोगों को आस्वासन देते थाना प्रभारी।

आरोप निराधारः मैनेजर

यूको बैंक मैनेजर जुलाना विवेक गुप्ता ने बताया कि बैंक कर्मचारियों पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। बैंक के कर्मचारी बात करने के लिए गए थे। कमल ने बैंक से जमीन के कागजातों पर बिजनेस लोन लिया था। कमल की ओर अब भी पांच लाख 74 हजार रुपये बकाया हैं। बैंक ने डयुटी मजिस्ट्रेट के लिए भी मंजूरी ली थी लेकिन किसी काम के चलते वो नही आ सके तो बैंक के कर्मचारी बात करने के लिए गए थे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ किया

22 जनवरी को दीपावली की तरह मनाएंः सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

फतेहपुर के माता मनसा देवी मंदिर परिसर से स्वच्छता महापखवाड़े का शुभारंभ मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने किया व अध्यक्षता पूंडरी मंडल अध्यक्ष विनोद बंसल ने की। अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, पूर्व विधायक तेजवीर सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुभाष हजवाणा व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता चौधरी भी मौजूद थे। मौके पर स्वयं झाड़ू से हलके में स्वच्छता की मुहिम चलाए सतपाल जांबा की पूरी टीम भी मौजूद थी। जो इस समय कई दिनों गांव फतेहपुर में फैली गंदगी की सफाई करने में जुटी हुई है। कार्यक्रम में संबोधित करते प्रदेशाध्यक्ष सैनी ने कहा कि पार्टी द्वारा स्वच्छता महा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर परिसर की सफाई की। इस मौके पर स्वच्छ भारत मिशन को साकार रूप देना है। जिसके तहत अपने गली, मोहल्ले व आसपास की सफाई की जाएगी, क्योंकि ठीक 7 दिन बाद अयोध्या में श्री रामलला जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ, मंदिर श्री रामलला जी की स्थापना हो जाएगी। जिसे पूरा देश दीपावली की तरह मनाएगा।

फतेहपुर देवी मंदिर से स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ करते प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर किसान मोर्चा संगठन मंत्री बलकार गोलन, करोड़ा मंडल अध्यक्ष विनोद बंसल, मंडल अध्यक्ष देवीदयाल बरसाना, जोनी मैहला, अमित टाया, डॉक्टर बलिंद्र मैहला, पवन सैनी, हरीश शर्मा, षि फतेहपुर, हर्ष सेठी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

नरवाना। नारियल फोडकर शिलान्यास करते विधायक।

मेला मंडी का 4.20 करोड़ रुपये से होगा पुनर्निर्माण

नरवाना। नरवाना मेला मंडी जहां पर पूरे हल्के के किसान अपनी फसल का विक्रय करने आते हैं। और वहां पर भारी संख्या में आढ़तियों की दुकानें हैं। लेकिन विकास कार्यों की कमी रहने से सभी को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। जिसके निर्माण को लेकर काफी वर्षों से अनाज मंडी एसोसिएशन के पदाधिकारी अपनी मांग कर रहे थे। अनाज मंडी के मामले को विधायक रामनिवास के सज्ञान में लाया गया जिसके पंद्रह दिनों के अंदर हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने इसे मंजूरी दे दी थी। जिसको लेकर मंडी एसोसिएशन व आढ़तियों ने विधायक रामनिवास का आभार जताया था। विभागीय जानकारी के अनुसार मंडी में लगभग चार करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से पुनर्निर्माण किया जाएगा। जिसमें स्टार्म वाटर की पाइपलाइन, सड़कों की मरम्मत, सीवरेज निकासी, बाउंड्री वाल व अन्य विकास कार्य शामिल हैं। जिसको लेकर विधायक रामनिवास ने नारियल फोड़कर काम का शुभारंभ किया। जिसके निर्माण से मंडी आढ़तियों, किसानों व काम करने वाले मजदूरों को काफी सुविधाएं होंगी।

खबर संक्षेप

गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाशोत्सव को लेकर नगर कीर्तन आज

जींद। कलगीधर पातशाह गुरु गोबिंद सिंह के 357वें प्रकाशोत्सव को 17 को श्रद्धा से मनाया जाएगा। बलविंदर सिंह ने बताया कि नगर कीर्तन ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब से प्रातः दस बजे आरंभ होकर रानी तालाब, सिटी थाना, पालिका बाजार, फव्वारा चौक, रामराय गेट, बैंड मार्केट, झांझ गेट, सिंह सभा गुरुद्वारा भारत सिनेमा रोड, रुपया चौक, बत्तख चौक, सफीदों गेट जाएगा।

परिवहन कर्मचारी संघ के रमेश सेवानिवृत

नरवाना। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा कार्यकारिणी प्रदेश के सभी डिपो, एचआरईसी गुरुग्राम केंद्रीय कर्मशाला आईएसबीटी दिल्ली के वर्तमान एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने हजारों की संख्या में पहुंचकर रोडवेज सांझा मोर्चा के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ 1342 के प्रदेश अध्यक्ष रमेश कुमार के 31साल 05 महिने तक नेतृत्व कार्यकुशलता की सराहना की।

बसपा राष्ट्रीयध्यक्ष का जन्मदिन मनाया

जींद। बहुजन समाज पार्टी द्वारा बसपा राष्ट्रीय अध्यक्षा बहन कुमारी मायावती का 68वां जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रुप में सफीदों रोड स्थित गुरु रविदास धर्मशाला में मनाया गया। जिसमें बसपा के सभी जिला, विधानसभा, सैक्टर कमेटी, बूथ कमेटियों के पदाधिकारी एवं पूर्व पदाधिकारियों सहित बसपा कार्यकर्ता मौजूद थे। मुख्यअतिथि प्रदेश प्रभारी सुमेर सिंह जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

मकर संक्रांति पर्व पर कंबल वितरित

उचाना। सार्वजनिक जगहों पर जाकर नपा के कनिष्ठ अभियंता सत्यवान गिरवान द्वारा जरूरमंदों को कंबल बांटे। सत्यवान गिरवान ने बताया कि जरूरतमंदों की मदद जितनी हो सकें करनी चाहिए। जरूरतमंदों की मदद से ही पुण्य की प्राप्ति होती है। जितना हो सकें सभी का सहयोग करना चाहिए। पर नपा सचिव विक्रमजीत, पालिका अभियंता जयपाल मौजूद रहे।

यातायात नियमों को लेकर किया जागरूक

जींद। 17 जनवरी तक चलाए जाने वाले सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत पटियाला चौक स्थित स्कूल के स्काऊट एंड गाइडस छात्र व छात्राओं ने लोगों को यातायात के नियमों के बारे में अवगत करवाया। सोमबीर भारद्वाज के नेतृत्व में ट्रैक्टर ट्राली व ऑटो रिक्शा पर रिफ्लेक्टर लगाए गए। सभी छात्र व छात्राएं पटियाला चौक से चल कर जयंती देवी मंदिर से होते चौक पर पहुंचे और फिर रुपया चौक पर भी वाहन चालकों को जागरूक किया।

घर में घुस युवती से दुष्कर्म की कोशिश

जींद। सदर थाना इलाके में घर में घुस कर युवती के साथ दुष्कर्म की कोशिश करने का मामला सामने आया है। युवती द्वारा शोर मचाए जाने पर आरोपित फरार हो गया। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म की कोशिश समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी है।

लाजवंती ने बूथ स्तर पर चलाया अभियान

अलेवा। कांग्रेस पार्टी द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत बूथ स्तर पर महिलाओं की टीम तैयार करने के लिए सोमवार को किसान,मजदूर कांग्रेस की जिलाध्यक्ष लाजवंती डाहौला ने नगूरां, शामदों व चांदपुर मे घर-.घर अभियान चलाया। उन्होंने लोगो को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बारे में बताया कि उक्त यात्रा रविवार को मणिपुर के थाबल से शुरू की गई है।

गांव अलेवा में चलाया सफाई अभियान

अलेवा। ग्राम पंचायत अलेवा द्वारा जिला परिषद जींद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी किरण के निर्देशानुसार साफ -सफाई अभियान चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच विनोद ने की तथा मुख्य रूप सेस्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के ब्लाक प्रभारी नरेंद्र श्योकंद ने भाग लिया।

जाट धर्मशाला में संयुक्त किसान मोर्चा एवं ट्रेड यूनियन मोर्चा की संयुक्त बैठक

26 जनवरी को होने वाली ट्रैक्टर परेड के लिए योजना बनाई

- मोदी सरकार ने जो वादा किया था, उस पर खरी नहीं उतरी और किसानों के साथ विश्वासघात किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। जाट धर्मशाला में ट्रैक्टर .व्ही कल परेड की योजना बनाने के लिए आयोजित बैठक में मौजूद पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

स्थानीय जाट धर्मशाला में सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा एवं ट्रेड यूनियन मोर्चा की संयुक्त बैठक कंडेला खाप के प्रधान ओमप्रकाश की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 26 जनवरी को देशभर में होने वाले ट्रैक्टर व व्हीकल परेड के लिए योजना बनाई।

अखिल भारतीय किसान सभा के रा'य अध्यक्ष मा. बलबीर सिंह, भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष बारूराम, रमेश चंद्र, कैप्टन रणबीर चहल, फूल सिंह श्योकंद ने बताया कि किसान-मजदूर विरोधी मोदी सरकार व भाजपा का विश्वास घात सभी के सामने है। किसानों के लंबे आंदोलन के बाद वापस हुए किसान विरोधी कानून के समय मोदी सरकार ने जो वादा किया था, उस पर खरी नहीं उतरी और किसानों के साथ विश्वासघात किया। जिसको लेकर संयुक्त किसान मोर्चा लगातार आंदोलनरत है। उन्होंने बताया कि जिस समय किसान विरोधी कानून सरकार ने वापस लिएए उसी समय भाजपा सरकार ने किसानों के साथ वादा किया था कि एमएसपी की गारंटी, बिजली बिल रद्द होगा और लखीमपूरी खीरी नरसंहार के दोषी मंत्री को हटाया जाएगा लेकिन वह अभी भी मंत्री बने हुए हैं और उसका बेटा खुला घूम रहा है। ना ही एमएसपी का कानून बना और दोबारा से बिजली बिल 2023 भाजपा सरकार लेकर आ गई। इसलिए संयुक्त किसान मोर्चा एवं ट्रेड यूनियन मोर्चा संयुक्त रूप से देशभर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर ट्रैक्टर एवं व्हीकल परेड निकलेंगे।

मुख्यालय से निकाली जाएगी परेड

बैठक में निर्णय लिया गया कि जींद में जिला मुख्यालय पर यह परेड निकाली जाएगी। जिसमें जिलाभर से ट्रैक्टर एवं विभिन्न तरह की गाड़ियां आदि शामिल होंगे। इस परेड में किसानों के साथ-साथ मजदूर भी अपने साधन लेकर शामिल होंगे। रमेश चंद्र ने बताया कि निर्णय की जानकारी जिला प्रशासन को संयुक्त किसान मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल 19 जनवरी को देगा। बैठक में आजाद पालवा, सिक्किम, छ'जू कंडेला, फूलसिंह श्योकंद, दलबीर, भारती ढाकल आदि मौजूद थे।

ये हैं मुख्य मांगें

एमएसपी की गारंटी सुनिश्चित की जाए। किसानों को कर्ज मुक्त किया जाए। प्रीपेड मीटर व बिजली बिल विधायक 2023 को वापस किया जाए। 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाए। लखीमपुर नरसंहार के दोषियों को सजा दी जाए। मजदूर विरोधी लेबर कोड रद्द किया जाए। ड्राइवर के लिए लाया गया काला कानून वापस लिया जाए। सभी स्कीम वर्कोर् सहित कच्चे कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन दिया जाए और पक्का किया जाए। निजीकरण पर रोक लगाई जाए। अडानी-अंबानी की लूट को बंद किया जाए। बेरोजगारों को रोजगार दिया जाए। 60 वर्ष से ऊपर के सभी किसानों मजदूरों को 10 हजार मासिक पैंशन प्रति व्यक्ति दी जाए। किसानों मजदूरों कर्मचारियों के साथ किए गए समझौते लागू किए जाएं।

जींद। गांव की बुजुर्ग महिलाओं को शॉल उड़ते समाजसेवी देवेंद्र सहरावत।

मलार में बुजुर्गों को वितरित की गर्म चद्दर और शॉल

- रक्तदान शिविर में 70 ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

उपमंडल के गांव मलार में मकर संक्रांति पर्व पर गुरु नानक संघ सेवा समिति द्वारा बुजुर्गों के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें गांव के सभी बुजुर्गों को गांव मलार निवासी समाजसेवी देवेंद्र सहरावत ने चद्दर व शॉल वितरित की। साथ ही इस अवसर पर रक्तदान शिविर व बाला जी अस्पताल की तरफ से निशुल्क हेल्थ चेक कैंप भी लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका प्रधान ईश्वर कौशिक व राकेश जैन ने शिरकत की। जिन्होंने सभी रक्तदाताओं बैज लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में 70 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। सभ्भी रक्तदाताओं को बाला जी अस्पताल की तरफ से एक-एक हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर हरियाणवीं कलाकारों द्वारा सुंदर-सुंदर हरियाणवीं प्रस्तुतियां भी पेश की गई। प्रस्तुतियों का गांव की बुजुर्ग महिलाओं ने खूब आन्नंद लिया। समाजसेवी देवेंद्र सहरावत ने कहा कि मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर गांव की 120 महिलाओं को शॉल व 380 पुरुषों को चद्दर वितरित की गई। साथ ही मुफ्त जांच शिविर के 620 ग्रामीणों ने अपनी-अपनी जांच करवाई। जिसमें अधिकतर बुजुर्ग महिलाएं घुटनों के दर्द से पीड़ित मिली। सभी को फ्री दवाइयां दी गई। कार्यक्त्रम में गांव की सामाजिक संस्था एसपीजी सोसाइटी को सभी विशेष रूप से सहयोग रहा।

ये थे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य रूप से पायनियर स्कूल के चेयरमैन नरेश सिह बराड़, उषा बराड़, सतीश शर्मा, मलार सरपंच प्रमोद, मलार स्कूल प्राचार्य सत्यवान, एसपीजी समिति के प्रधान कर्मवीर, सदस्य राजींद्र सहरावत, गुरु नानक संघ सेवा समिति के संचालक श्याम स्वामी, मुख्य कलाकार अनु जींद मुख्य उपस्थित रही।

दो दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम संपन्न

- किसी भी संस्थान के विकास में मैक्रो मैनेजमेंट सर्वाधिक महत्वपूर्ण : उपासना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते एसोसिएट प्रो. डा. उपासना गर्ग। फोटो :हरिभूमि

हिंदू कन्या महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल द्वारा आयोजित मैक्रो प्रबंधन और समय प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या डा. पूनम मोर की अध्यक्षता में किया गया। एसोसिएट प्रो. डा. उपासना गर्ग रही। उन्होंने मैक्रो एवं माइक्रो मैनेजमेंट विषय में अंतर बताते कहा कि किसी भी संस्थान के विकास में मैक्रो मैनेजमेंट सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। मैक्रो मैनेजमेंट संस्थान के कर्मचारियों को कार्य करने का सकारात्मक एवं सुव्यवस्थित माहौल प्रदान करवाती है।

यह कार्य स्थल के संसाधन व समय के अनुकूल आबंटन को निश्चित करती है। जिससे संस्थान के कार्यों को और अधिक बेहतर तरीके से संचालित किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंतिम दिन मुख्य वक्ता ने मैक्रो प्रबंधन में समय प्रबंधन की महत्ता को बताते कहा कि समय प्रबंधन संस्थान में किसी भी लक्ष्य को समय पर प्राप्त करने के लिए सर्वाधिक जरूरी है एवं इससे कर्मचारियों की क्षमता का भी सही तरीके से प्रयोग किया जा सकता है।

मकर संक्रांति पर दान देने से ज्यादा लाभः डा. विद्यार्थी

जींद। मकर संक्रांति के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल अर्बन एस्टेटए में यज्ञ हवन करके बड़े दिन का स्वागत किया गया। इस मौके पर संस्थान के प्राचार्य डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने बताया कि इस दिन का शास्त्रों के अनुसार बहुत महत्व है। इस मौके पर किया गया दान पुण्य अत्यंत लाभकारी है। दान वही है जो किसी जरूरतमंद की जरूरत को पूरा कर सके। अपात्र को दान दिया हुआ फलकारी नहीं होता, पात्र को ही दान देना चाहिए। इससे आप ना केवल अपनी कमाई पवित्र करते हैं बल्कि दूसरों का भी भला करते हैं तथा एक अनंत खुशी और आनंद की प्राप्ति करते हैं। इस मौके पर आर्य समाज डीएवी पब्लिक स्कूल जींद की ओर से 150 कंबल वितरण का कार्य भी किया गया। इसमें से 70 कंबल वृद्ध आश्रम भिवानी रोड को भेंट किए गए तथा 80 कंबल रोहतक रोड, भिवानी रोड तथा रेलवे स्टेशन आदि को मौके पर जा कर जरूरतमंद को दिए गए।

गांव रजाना में स्वच्छता अभियान चलाया

- लोकसभा चुनाव मे प्रदेश की सभी 10 सीटों पर कमल खिलेगा : रजाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। मंदिर की सफाई करते जसमेर रजाना। फोटो :हरिभूमि

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सफीदों विधानसभा मे भाजपा के सोनीपत लोकसभा प्रवास कोर कमेटी सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता जसमेर रजाना ने अयोध्या मे बन रहे राम मंदिर की 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा दिवस के उपलक्ष मे समस्त देश मे 14 जनवरी से 22 जनवरी तक तीर्थ स्थानों व मंदिरों को स्वच्छ बनाने का आह्वान देश के प्रधानमंत्री ने किया है। उसी के निमित्त सोमवार को अपने गांव रजाना के शिव मंदिर मे स्वच्छता अभियान चलाया। रजाना ने बताया कि आने वाले लोकसभा चुनाव मे प्रदेश की सभी 10 सीटों पर कमल खिलेगा। रजाना ने बताया की जिला जींद व हरियाणा प्रदेश मे सबसे पहले सफीदों विधानसभा मे भारत विकसित संकल्प यात्रा का समापन हुआ। रजाना ने बताया कि उन्हें इस विकसित भारत संकल्प यात्रा, मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के साथ सफीदों विधानसभा के लगभग सभी गावों में जाने का अवसर मिला और हर गांव में लोगों की समस्या का मौके पर ही समाधान किया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल की जो सोच है कि देश व प्रदेश मे सरकार की अंत्योदय वचन कल्याण को समर्पित योजनाओं की जानकारी एवं सुविधाएं पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

जींद। रैली को लेकर निमंत्रण देते कर्मचारी नेता। फोटो :हरिभूमि

आक्रोश रैली को लेकर चलाया संपर्क अभियान

जींद। सिंचाई विभाग में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा कि टीम ने चार फरवरी को रोहतक में होने वाली आक्रोश रैली को लेकर अभियान चलाया। जिला प्रधान संजीव, जिला सचिव सतीश शर्मा ने कहा कि कर्मचारी समस्याओं व मांगों को लेकर सरकार की अनदेखी के विरोध में चार फरवरी को रोहतक में प्रदेशव्यापी आक्रोश रैली की जा रही है। जिसमें सभी विभागों के कर्मचारी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। रैली में मुख्य मांगे पुरानी पेंशन लागू करने, कोशल रोजगार निगम भंग करने, रेग्यूलाइजेशन की नीति बनाने, सभी विभागों की वेतन विसंगतियों को ठीक करवाने, 1995 से पूर्व की एक्सग्रेशिया नीति बहाल करते हुए वंचितों को उनका हक दिलवाने, हरियाणा का अलग से वेतन आयोग गठित करने, निजीकरण को बंद करने, कच्चे कर्मचारी को पक्का करने सहित अन्य मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रधान मनदीप नेहरा, सचिव सतीश शर्मा, बलराज, सुनील, वेद ढिल्लो, मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।

रक्तदान सबसे बड़ा दानः एसडीएम

- सीनियर सेकेंडरी स्कूल उचाना खुर्द में रक्तदान शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

जींद। 16वीं बार रक्तदान करने पर मा. रामप्रसाद को प्रशंसा पत्र देते एसडीएम गुलजार मलिक।

अमीलाल शर्मा की याद में आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल उचाना खुर्द में रक्तदान शिविर लगाया गया। 33 यूनिट रक्तदान शिविर में हुआ। मुख्य अतिथि एसडीएम गुलजार मलिक रहे। मा. रामप्रसाद ने 16वीं बार रक्तदान किया। अध्यक्षता सुभाष ढिगाना, रणपाल श्योकंद ने संयुक्त रूप से की। एसडीएम ने कहा कि रक्तदान से कोई कमजोरी नहीं आती। रक्तदान सबसे बड़ा दान बताया गया है। रक्तदान वह प्रक्रिया है जिससे हम दूसरे की जान बचाने में खुद का योगदान देते है। सुभाष ढिगाना ने बताया कि रक्तदान करने से जीवन में अच्छे कर्म करने का लाभ नसीब होता है। रक्तदान से हार्ट अटैक की आशंका कम होती है, रक्तदान से खून का थक्का नहीं जमता, खून कुछ मात्रा में पतला हो जाता है, हार्ट अटैक का खतरा कम होता है, शरीर में ऑक्सीजन ठीक ढंग से सप्लाई होती है। रक्तदान वजन कम करने में भी आपकी मदद कर सकता है। इसलिए साल में कम से कम दो बार रक्तदान करना चाहिए ताकि लोगो की जिंदगी बचाई जा सके। इस मौके पर शीशपाल, राजबीर, गुलशन, सतबीर श्योकंद, बलवान पूनिया, रामफल शर्मा, कर्मचंद शर्मा, रघबीर अत्री, सन्नी शर्मा, राजेश अत्री, संजय अत्री, अनिल अत्री, पंकज अत्री मौजूद रहे।

जींद। जरूरतमंदों को गरम कंबल देने पर आशीर्वाद देते हुए बुजुर्ग।

ढाठरथ में जरूरतमंद लोगों का गर्म कंबल वितरित

जींद। युवा कांग्रेस नेता सारंग शमशेर ने कडाके की ठंड को देखते गांव ढाठरथ में जरूरतमंद लोगों का गर्म कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों द्वारा दिया गया आशीर्वाद तथा दुआ से बढ़ कर कुछ नही है। जो आशीर्वाद तथा दुआ में सुकून मिलता है, वह सुकून कही नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि मकर सक्रांति त्यौहार पर बडे बुजुगारें को गर्म कपडे देना हमारी परम्परा का हिस्सा है। उनके साथ गर्म वस्त्र जरूरतमंदों तक पहुंचे तो यह और भी पुण्य का काम हो जाता है। उन्होंने कहा कि कडाके की ठंड पड़ रही है। अर्थिक विषमता के कारण कुछ लोग गर्म कपडों का प्रबंध नही कर पाते हैं या फिर किसी से मांगते नही। ऐसे लोगों की तलाश कर उन्हें गर्म कपडे वितरित करने चाहिए। हर व्यक्ति का फर्ज बनता है कि वह अपने आसपास इलाके का ध्यान रखे। कोई व्यक्ति भूखा न रहे तथा खुले आसमान के नीचे न सोए। इसी सोच के साथ उन्होंने बुजुगारें को मान-सम्मान देने के साथ जरूरतमंद लोगों को गर्म कंबल वितरण का अभियान चलाया है।

अस्पताल में आवश्यक दवाइयां स्टॉक में रखें अधिकारी : डीसी

पशुधन को ठंड से बचाने के लिए बरतें सावधानी

- पशुधन को ठंड से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। पशुबाड़े में बंधे पशु।

इन दिनों कडाके की ठंड पड़ रही है। ऐसे में आमजन तो इस ठंड से परेशान है ही साथ ही पशुपालक भी अच्छेखासे परेशान हैं। ऐसे में प्रशासन ने पशुपालकों से ठंड को देखते हुए अपने पशुओं की स्पेशल देखभाल करने के लिए कहा है। इसके अलावा पशु अस्पताल में आवश्यक दवाइयां स्टॉक में रखने के निर्देश दिए गए हैं। पशुधन को शीत लहर से बचाव को लेकर बाकायदा एडवाइजरी जारी की गई है।

गौरतलब है कि गत लगभग दो सप्ताह भर से प्रदेशभर के साथ-साथ जींद जिला में भी शीत लहर का भारी प्रकोप है। कड़ाके की ठंड व शीत लहर का आमजन जीवन के साथ-साथ पशुधन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पडना स्वाभाविक है। ऐसे में सरकार ने जहां एक तरफ नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर एडवाइजरी जारी की हुई है, वहीं दूसरी तरफ पशुधन के बचाव के लिए भी विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

स्टॉक में रखें दवा

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे पशुपालकों को ठंड के दौरान सावधानी के बारे में जागरूक करें। पशुपालकों को बताए कि वे पशुओं को ठंड से बचाने के लिए उचित प्रबंध करें। इसके साथ-साथ यह भी जानकारी दें कि यदि पशुधन पर ठंड का प्रकोप होता है तो वे पशु चिकित्सक को दिखाएं ताकि समय रहते प्रभावित पशुओं का उपचार किया जा सके। उन्होंने पशुपालन अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि वे पशु हस्पतालों में पशुधन को ठंड के प्रकोप से बचाने से संबंधित आवश्यक दवाइयां स्टॉक में रखें।

ऐसे करें बचाव

1. पशुधन के आहार एवं खान-पान में वृद्धि करें।
2. उच्च गुणवत्ता वाले चारा या चारागाहों का उपयोग करें।
3. पशुओं को वसायुक्त खुराक प्रदान करें।
4. पशुओं के आहार सेवन तथा उनके चबाने के व्यवहार का ध्यान रखें। 5. पशुधन को ठंडी हवाओं से बचाने के लिए व्यापक प्रबंध करें।
6. पशुओं के बैठने हेतु सूखा भूसा रखें।
7. पालतू जानवरों, पशुधन को शीत लहर से बचाने हेतु भवन के अंदर रखें तथा उन्हें कं बल से ढकें।

उचाना। जीवन कौशल कैंप में छात्राओं द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता में रचाई मेहंदी।

आज अधम नहीं उन्नत खेती : सुभाष श्योकंद

उचाना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भौंगरा में आयोजित जीवन कौशल पांच दिवसीय शिविर के अंतिम दिन सिंहज्ञान फूड प्रोसेसिंग के संचालक सुभाष श्योकंद पहुंचे। श्योकंद ने कहा कि आज हमारे कृषि अधम नहीं रही है। हमने आधुनिक कृषि का नवीनीकरण किया है। परंपरागत कृषि को त्याग कर हमने बागवानी को अपनाया। बागवानी के उत्पादों से विशेष कर आंवला के उत्पादों को सीएम मनोहर लाल ने भी सराहा है। कैंप के कॉ-ऑर्डिनेटर मा. रामप्रसाद ने बताया कि पांच दिवसीय कैंप का समापन सोमवार को हुआ। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सरपंच सुखविंद्र द्वारा प्रमाण पत्र बांटे। रेखा रानी द्वारा बच्चों को विभिन्न प्रकार की मेहंदी लगाने के फार्मूले को विस्तार से बताया। प्रतिभागियों ने मेहंदी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सरपंच ने कहा यह हमारा सौभाग्य है कि आज हमारे बच्चे विभिन्न कलाओं के हुनर से युक्त होकर समाज के प्रभावी नागरिक बनने की ओर अग्रसर हैं। आज हाथ के काम को महत्व मिल रहा है। निरीक्षक के रूप में खंड संसाधन समन्वयक रणपाल श्योकंद, ब्लॉक समिति सदस्य नरेंद्र शर्मा, विद्यालय प्रभारी गुलशन कुमार, इंचार्ज सुनीता देवी, शिवकुमार, रामस्वरूप आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

पूर्व सैनिकों ने मनाया सेना दिवस समारोह

कैथल। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के सौजन्य से हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल पर सेना दिवस मनाया गया साथ ही सर्वोच्च बलिदानी सिपाही राजकुमार गांव दयोहरा की धर्मपत्नी अनीता देवी को सम्मानित किया गया। बलिदानी राजकुमार ने अपनी शहादत असम में उग्रवादियों के साथ में लोहा लेते हुए 23 जनवरी 2000 को दी थी 24 वर्ष के बाद आज पूर्व सैनिकों की तरफ से इस परिवार को सम्मान दिया गया।

22 जनवरी को दीपावली मनाएं: एडवोकेट रामचंद्र

गुहला-चीका। भगवान श्रीराम किसी पार्टी व संगठन के नहीं है अलबत्ता वे तो सभी लोगों के रोम रोम में रमे हुए है नतीजतन कोई भी व्यक्ति चाहे किसी भी धर्म को मानता हो और फिर चाहे कोई किसी भी राजनैतिक पार्टी में हो, उसे भगवान श्रीराम के अयोध्या में मूर्ति प्रतिष्ठा वाले दिन 22 जनवरी को अपने अपने घरों में दीप जलाकर दीवाली मनानी चाहिए। उक्त विचार वरिष्ठ अधिवक्ता एवं क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी राम चंद्र शर्मा ने कहा।

रोड क्षत्रिय प्रगति मंच का कार्यक्रम आयोजित

पूंडरी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कुमारी शैलजा के बेहद करीबी बलकार सिंह पूंडरी ने कहा कि रोड़ क्षत्रिय प्रगति मंच ने समाज में फैली बुराइयों से लडऩे और उसे दूर करने का बीड़ा उठाया है, जिसके तहत नशा मुक्ति अभियान, दहेज प्रथा, घरेलू झगड़ों को समाज के मौजिज लोगों में के बीच निपटाना, गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग करना, बेसहारा बच्चों की सहायता करना, गरीब छात्रों की पढ़ाई में आर्थिक मदद करना, बीमार व्यक्तियों की सहायता करना व अन्य सामाजिक कुरुतियों की खिलाफ लडऩे का अभियान शुरू किया गया है। बलकार सिंह गत दिवस रोड क्षत्रिय प्रगति मंच द्वारा कुरुक्षेत्र में कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाग लेत हुए सामाजिक बुराईयों पर प्रहार किया।

गांव चंदाना व रेहड़ियां पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

बिना भेदभाव के समाज के सभी वर्गों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का गांव रेहड़ियां में स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव चंदाना और रेहड़ियां में विकसित भारत संकल्प एवं जन संवाद कायक्रम का आयोजन हुआ और मौके पर ही जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्र वंचितों को योजानाओं का लाभ दिया। उपस्थित सभी ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई तथा कार्यक्रम के दौरान वंचित पात्र व्यक्तियों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया।

महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने गांव रेहड़ियां में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल का निरीक्षण किया और पात्र वंचितों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि सरकार का दायित्व समाज के हर वर्ग का कल्याण करना है। बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है। लाभ मिलने में किसी व्यक्ति को कोई परेशानी आ रही है तो उसे तुरंत दूर किया जा रहा है।

कैथल। महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने गांव रेहड़ियां में विकसित भारत संकल्प यात्रा का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

कैथल। विधायक ईश्वर सिंह उज्ज्वला योजना के गैस कनेक्शन वितरित करते हुए

विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य हर वर्ग के लोगों तक योजना का पहुंचाना लाभ : दिनेश

कलायत। कलायत के तहसीलदार दिनेश ढिल्लों ने कलायत नगर पालिका कार्यालय व अनाज मंडी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने सबसे पहले विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई। इसके उपरांत उन्होंने पात्र लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया। कार्यक्रम में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सभी लोगों के लिए लाभप्रद सिद्ध हुई है। लोगों को चाहिए कि वह इन कार्यक्रमों में पहुंचकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। ऐसा मौका बहुत कम मिलने को मिलता है।

अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने के लिए सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही: ईश्वर सिंह

गुहला-चीका। विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के नागरिकों तक पहुंचाने और उसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू हुई है। यह यात्रा गांव-गांव पहुंच रही है, जहां पर ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया जा रहा है। यह यात्रा उन गरीब व्यक्तियों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है, जो पात्र होने के बावजूद भी सरकार की योजना का लाभ लेने से वंचित थे। विधायक ईश्वर सिंह सोमवार को गांव अजीमगढ़ व डेरा गोबिंद सिंह नगर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से सभी वर्गों को लाभ पहुंच रहा है। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को गांव-गांव पहुंचने वाली जागरूकता वैन तथा विभिन्न विभागों की ओर से लगाए जा रहे जागरूकता स्टॉलों के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने के लिए सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है। इस यात्रा में लोगों की समस्याओं को भी सुना जाता है तथा मौके पर ही निपटने वाली समस्याओं को अधिकारियों के माध्यम से करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि गुहला विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य किए जा चुके हैं तथा कई विकास कार्य पाईप लाईन में है। विधायक ने गांव अजीमगढ़ में 34 लाख 76 हजार रुपए की लागत से बने पशु अस्पताल व डेरा गोविन्द सिंह नगर में 4 लाख 84 हजार रुपए की लागत से बने महिला संस्कृति केन्द्र का उद्घाटन भी किया। बीडीपीओ राजबीर सिंह, सरपंच अजेब सिंह, राजविंदर कौर, शमशेर सिंह, रिछपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, सतनाम सिंह, जगतार सिंह, सुरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, सुखदीप सिंह आदि मौजूद थे।



कैथल। ब्लाक समिति के सदस्य भाजपा में शामिल होते हुए। फोटो : हरिभूमि

सिद्धांत आधारित पार्टी है भाजपा: कमलेश ढांडा

- ब्लॉक समिति के 8 सदस्यों ने ज्वाइन की भारतीय जनता पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। भारत के सांस्कृतिक मूल्य, हमारी निष्ठाएं और भारत के परम वैभव को प्राप्त करने का संकल्प है।

पार्टी के कार्यकताओं के साथ-साथ हर आमजन को महत्व देना भी पार्टी की प्राथमिकताओं में शामिल है। महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा, प्रदेशाध्यक्ष व सांसद नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में सोमवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में 8 ब्लॉक समिति सदस्य भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर विधायक लीला राम, जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर, तुषार ढांडा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रदेशाध्यक्ष व सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि जो भी व्यक्ति भाजपा ज्वाइन करता है, उसका पार्टी में स्वागत के साथ-साथ पूरा मान-सम्मान भी किया जाता है। पार्टी के कार्यकताअरं में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं रखा जाता। भाजपा की विचारधारा को एक पंक्ति में कहना हो तो वह है भारत माता की जय। भारत का अर्थ है अपना देश, जो हिमालय से कन्याकुमारी तक फैला है और जिसे प्रकृति ने एक अखंड भूभाग के रूप में हमें दिया है। भारत माता कहने से एक भूमि और एक जन के साथ हमारी एक संस्कृति का भी ध्यान बना रहता है। इस मौके पर रणदीप कौर, संजय भारद्वाज, लीलू सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बता दें कि भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में वार्ड 1 सिणद से दर्शन सिंह, वार्ड नंबर 2 से रामभुल, कोलेखां से सुमित्रा देवी, पिंजूपुरा से सोहन लाल, बाता से कुशलपाल और संजू, ब्राहमणीवाला से दिनेश, रामगढ़ से कुलदीप और कैलरम से मनजीप सिंह शामिल रहे। मौके पर लोगों ने बधाई दी।

संस्कृत विवि में किया गया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल में नए सत्र का प्रारम्भ मकर संक्रान्ति के अवसर पर दिनांक 15 जनवरी 2024 से हो रहा है । इससे पूर्व गत सत्र की परीक्षाएं एवं मूल्यांकन कार्य यथावधि सम्पन्न हो चुके हैं। विश्वविद्यालय के नए सत्रारम्भ के अवसर पर प्रथम दिवस विश्वविद्यालय परिसर में विश्व शान्ति की प्रार्थना करते हुए वैदिक विधि-विधान से हवन का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमेश चन्द्र भारद्वाज ने यज्ञ कुण्ड में आहुति प्रदान की और विश्वविद्यालय में नए सत्रारम्भ का मंगलाचरण किया तथा प्रसाद वितरण भी किया गया।vविश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भारद्वाज ने कहा कि आज मकर संक्रान्ति का पुण्य अवसर है। वर्ष भर के सबसे पवित्र दिनों में इस दिन की गणना होती है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. भाग सिंह बोदला, साहित्य संस्कृति संकाय अधिष्ठाता डॉ. जगत नारायण कौशिक सहित विश्वविद्यालय के आचार्य, शोधच्छात्र, विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कैथल। हवन में आहुति डालते संस्कृत महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य तथा विद्यार्थी

अक्षत चावल पहुंचाने का सिलसिला जारी

राजौंद। नगर में शनिवार से निमंत्रण के लिए अयोध्या से आए अक्षत पीले चावल घर-घर पहुंचाने का सिलसिला लगातार जारी है। प्रतिदिन दुर्गा मंदिर सेवादार व रामभक्त यह कार्य कर रहे हैं और 22 जनवरी का मंदिर में होने वाला कार्यक्रम का निमंत्रण भी दिया जा रहा है। बता दें कि अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। ज्यों ज्यों 22 जनवरी नजदीक आ रही है वैसे-वैसे श्री राम भक्तों का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। इस समय देश के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है व जोरदार शीतलहर चल रही है। बावजूद हर राम भक्त प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन की तैयारी कर रहा है।

शोभा यात्रा का किया स्वागत

- सुदीप सुरजेवाला ने शोभायात्रा में साथ चल रहे सभी महंतों का फूल माला पहनाकर अभिनन्दन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

श्री राम जन्मभूमि भंडारा आयोजन समिति कैथल द्वारा अयोध्या में लगाए जाने वाले भण्डारे की आज कैथल से अयोध्या के लिए रवानगी हुई। समिति के संयोजक रामजी सैनी सहित अन्य सभी साथियों व श्रद्धांलुओं की कैथल से अयोध्या के निकाली यात्रा का ढाण्ड रोड़ स्थित किसान भवन पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सुदीप सुरजेवाला व कांग्रेस के साथियों द्वारा स्वागत किया गया। शोभायात्रा में साथ चल रहे सभी महंतों का फूल माला पहनाकर अभिनन्दन किया गया व श्रद्धांलुओं व राहगीरों के लिए जलेबी व चाय पकौड़े का आयोजन किया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुदीप सुरजेवाला ने कहा कि कैथल व हरियाणा के लिए गर्व की बात है कि हमारे साथी रामजी सैनी व श्री राम जन्मभूमि भंडारा आयोजन समिति को अयोध्या में 2 महीने तक भंडारा आयोजन करने का निमंत्रण मिला। आज सभी साथी कैथल से रवाना हुए हैं।

कैथल। अयोध्या भंडारे के लिए निकाली गई शोभा यात्रा का किसान भवन पर सम्मानित करते सुदीप सुरजेवाला व अन्य। फोटो : हरिभूमि

जिला परियोजना अधिकारी ने किया कस्तूरबा विद्यालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला द्वारा आयोजित पांच दिवसीय लाइफ स्किल कैंप के निरीक्षण के दौरान जिला परियोजना अधिकारी सुरेंद्र कुमार आर्य ने आज कस्तूरबा गांधी विद्यालय मटोर का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि इन पांच दिनों में जो आपने सीखा है वह उम्र भर काम आने वाला है। आपने जो यहां बैंकिंग डाकखाना से संबंधित बातें सीखी हैं वह आप अपने अभिभावकों को बता सकती हैं ताकि उनको भी इस बारे में विशेष जानकारी दी जा सके। उन्होंने विशेष तौर पर सुकन्या समृद्धि योजना का जिक्र करते हुए कहा कि यह बेटियों के लिए वरदान है। बेटियों को इसकी सूचना अपने अभिभावकों तक पहुंचानी चाहिए। इस प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं के कौशल में और विकास होगा और भविष्य में यह सब उनके काम आने वाला है। जिला सहायक परियोजना संयोजक कुशल कुमार ने कहा कि इस प्रकार के शिविर छात्राओं के भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे। विद्यालय के मुखिया सतीश नागपाल ने कहा कि पहले दिन पोस्ट ऑफिस से अजय कुमार ने बच्चों को रजिस्ट्री करवाना ,पार्सल, स्पीड पोस्ट आदि के बारे में जानकारी दी तथा स्वास्थ्य विभाग से एएनएम ममता ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

कैथल। अपने द्वारा बनाई गई पेंटिंग को दिखाती छात्रा।

प्रभातफेरी में झूम उठे श्रद्धालु

- श्री साईं जन कल्याण ट्रस्ट ने नगर खेड़े से किया प्रभातफेरियों का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के उपलक्ष्य में निकाली गई पहली प्रभातफेरी में ही श्रद्धालु झूम उठे और पौ फटते ही समूचे वातावरण को राममय बना दिया। मालूम रहे कि यहां की सुप्रसिद्ध समाजसेवी संस्था श्री श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल की ओर से शहर में प्रभातफेरियों का श्रीगणेश किया गया है। नतीजतन 22 तक चलने वाली प्रभातफेरियों के पहले दिन श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के आह्वान पर श्री सांई जन कल्याण ट्रस्ट, श्री सांई पिंगलवाड़ा सेवा आश्रम एवं श्री सांई रोटी बैंक द्वारा संयुक्त रूप से चीका गांव स्थित नगर खेड़े पर प्रभातफेरी का जोरदार स्वागत किया गया। प्रभातफेरी में सैकड़ों राम भक्तों ने भाग लिया और मिल-बैठकर भगवान राम के जयकारे लगाए व भगवान राम से जुड़े हरियाणा की पारम्परिक भाषा में भजन व गीत गाए। प्रभातफेरी के दौरान श्रद्धालु झूम उठे और राम की भक्ति में ऐसे तल्लीन हुए कि प्रभातफेरी नगर खेड़े पर दो घंटे से भी ज्यादा समय तक रही ।

इस दौरान श्रद्धालुओं में पूरी तरह भगवान राम के नाम का सरूर चढ़ा हुआ दिखाई दिया। प्रभातफेरी में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को पांच-पांच मिट्टी के रंग-बिरंगे दीपक भी बांटे गए, जिन्हें राम भक्त मंदिर के उद्घाटन वाले दिन, रात को अपने अपने घरों में जलाकर दीवाली मनाने का आह्वान किया। इस मौके पर राम के नाम का प्रसाद भी वितरित किया गया।

कैथल। श्री सांई जन कल्याण ट्रस्ट के सदस्यों को भगवान राम का स्वरूप भेंट करते हुए संकीर्तन मंडल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

आरकेएसडी पब्लिक स्कूल में अन्नांजलि अर्पण कार्यक्रम आयोजित

कैथल। आरकेएसडी पब्लिक स्कूल में मकर सक्रांति के शुभ पर्व पर अन्नांजलि अर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे स्कूल के दंसवी से बारहवीं कक्षा के छात्रों तथा स्कूल के अध्यापक वर्ग के द्वारा चावल व दाल आदि खाद्यान्न का दान किया गया। गत अनेक वर्षों से स्कूल के द्वारा इस परम्परा का निर्वहन किया जाता रहा है। इससे जहां एक ओर अपनी संस्कृति व रीति-रिवाज का पालन किया जाता है वहीं दूसरी ओर बच्चों के अंदर त्याग, मानवता आदि गुणों को जागृत किया जाता है मकर सक्रांति के अवसर पर एकत्रित इस अनाज को स्कूल के द्वारा अनेक संस्थाओं को भेजा जाता है। इस वर्ष भी नर-नारायण समिति, वृद्धाश्रम, बाल आश्रम आदि अनेक संस्थाओं तक खाद्यान्न व सहयोग राशि पहुंचाई जाएगी। स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन साकेत मंगल व अश्विनी शोरेवाला ने इस प्रयास को मानवता के सेवा तथा ईश्वर की सच्ची अराधना कहा।

सूचना

मैं, ईश्वर पुत्र श्री गिरदाल निवासी बरौली (57) शामलों कलां जींद, हरियाणा 126114 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विजय मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सूचना

मैं, शमशेर पुत्र श्री मांगा राम निवासी गांव बाकल तहसील पूण्डरी व जिला कैथल, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रवि कुमार मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सूचना

हम, रामेश्वर पुत्र विजय सिंह व लीला देवी पत्नी रामेश्वर निवासी खुराना रोड कैथल जिला कैथल बयान करते हैं कि हमारा पुत्र संदीप व उसकी पत्नी अंजू हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

डोमिसाइल, इंतकाल, जमीन नक्श जैसे कार्य रूके

पटवारियों की हड़ताल से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

द पटवार एंड कानूनगो एसोसिएशन के आह्वान पर सोमवार को पटवारियों की हड़ताल 13वें दिन में प्रवेश कर गई। कानूनगो रामबिलास की अध्यक्षता में पटवारियों की हडताल जारी रही। मंच संचालन जिला महासचिव अमरदीप श्योकंद ने किया। वहीं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने समर्थन किया। अमरदीप श्योकंद ने कहा कि सरकार की अनदेखी के चलते पटवारी लगातार बढ़ाने को मजबूर हैं। पटवारियों की हड़ताल के चलते डोमिसाइल, इंतकाल, जमीन नक्शा, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र व रिहायशी प्रमाण पत्र का काम लंबित चल रहा है, जिससे लोग परेशान हो रहे हैं। धरनारत पटवारियों ने कहा कि 2019 से गिरदावरी कंप्यूटर सहायक का पैसा आजतक भी नहीं मिला है। वहीं पटवारी की गिरदावरी का समय डेढ़ महीना किया जाए ताकि पटवारी गिरदावरी समय से कर सकें। सरकार जल्द से जल्द पटवारियों की मांग को पूरा करें। उन्होंने कहा कि संगठन उपमुख्यमंत्री व राजस्व मंत्री से भी कई बार मिल चुके हैं तथा अपना पक्ष रखते हुए समय लेने के लिए मुख्यमंत्री को भी ई-मेल भेजी गई थी।

प्रत्येक जिला में एसोसिएशन द्वारा डीसी के माध्यम से ज्ञापन भी भेजे जा रहे हैं। इससे कर्मचारी बिना प्रमोशन के ही सेवानिवृत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा बढ़ाए गए वेतनमान का नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है। जबकि राजस्व विभाग द्वारा इस मामले में अपनी संतुष्टि दे दी गई थी।

जींद। पटवार भवन में हडताल पर बैठे पटवारी। फोटो : हरिभूमि

कैथल पत्रकार संघ ने मनाया लोहड़ी पर्व

कैथल। कैथल पत्रकार संघ द्वारा रविवार को मीडिया कार्यालय में लोहडी का पूर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाह अस्पताल के मुख्य चिकित्सक डा. वसीम अकरम, किसान सैल के जिलाध्यक्ष बलराज नौच और सिग्नस अस्पताल की ओर से सुमित गर्ग रहे। कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी अतिथियों का कैथल पत्रकार संघ के प्रधान सूरज सहारण, महासचिव जयपाल रसूलपुर, चेयरमैन नवीन मल्होत्रा व अन्य सदस्यों के ने फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। डीआपीआरओ कृष्ण सहोत्रा ने कहा कि पत्रकार पूरे जिले के लोगों की आवाज होते हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन बलविंद्र नरड़ ने किया। शाह अस्पताल के मुख्य चिकित्सक डा. वसीम अकरम की ओर से पत्रकारों को ट्रेक सूट दिया।

कैथल। वाल्मीकि समाज के प्रबुद्ध नागरिक रणदीप सिंह सुरजेवाला के साथ कांग्रेस में शामिल होते हुए

भाजपा को कैथल में लगा बड़ा झटका

कैथल। भाजपा पार्टी को कैथल में तब बहुत बड़ा झटका लगा जब वार्ड 31 में विनोद कुमार बोहत, माणा पुहल, संजय प्रोचा, काला बेदी, विक्रम, नीरज बोहत, राकेश बोहत, कपू कल्याण, गौरव, सागर बोहत, अक्षय बोहत, अभिषेक, रोहित, विक्की, विकास, लव, सौरभ, राहुल, अभि, बलराज, सौरव, अली, विजय, विनीत, सुरेन्द्र, बलजीत, मोनू, वरुण, हिमांशु, पवन, अमन, विजय, श्रवण, विकास, मोनी, सन्नी, धर्मवीर, मनोज, गोलू, बादल, सोनू, कबीर, संजू, सावन, सेठी, विशाल, शिबा, सावन ने भाजपा पार्टी को छोड़कर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रणदीप सुरजेवाला के नेतृत्व में कांग्रेस का दामन थामा। रणदीप सुरजेवाला ने कांग्रेस में शामिल होने पर सभी साथियों का स्वागत किया व पूरा मान सम्मान देने का भी वायदा किया। कांग्रेस में शामिल हुए सभी साथियों ने कहा कि आज देश व प्रदेश का किसान,नौजवान,मजदूर अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है। भाजपा व जजपा पार्टी ने हरियाणा की जनता के साथ विश्वासघात किया है।

खबर संक्षेप

स्वयंसेवकों को पढ़ाया स्वरोजगार का पाठ

राजौंद। सरकारी विद्यालय सोंगल में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में पांचवें दिन गांव सोंगल के स्वरोजगार चला रहे जोगिंदर शर्मा ने बताया कि उन्होंने जीवन में हजारों फॉर्म भरे और लाखों रुपए खर्च किए। लेकिन रोजगार नहीं मिला अंत में उसने प्राइवेट नौकरियों में शोषण से परेशान होकर खुद का रोजगार शुरू किया। उन्होंने दूध संग्रह करना और उसको बेचने का कार्य शुरू किया।

नपा में अशोक ने संभाला सचिव का कार्यभार

पूंडरी। नगरपालिका पूंडरी में एक बार फिर अशोक कुमार ने कार्यभार संभाल लिया है। पिछले सचिव नरेंद्र शर्मा जिन्हें अतिरिक्त कार्यभार पूंडरी का दिया गया था, विवादों में आ गए थे, इसलिए उनका तबादला कर दिया गया है और उनकी जगह अब अशोक कुमार को यहां पर सचिव नियुक्त किया गया है। सचिव अशोक ने कहा कि नगर की जो भी मुख्य समस्याएं हैं वे उनका प्राथमिकता से हल करवाने का प्रयास करेंगे।

छोटी मंडी के दुकानदारों ने लगाया भंडारा

गुहला-चीका। आज यहां मकर संक्रांति के अवसर पर छोटी मंडी चीका के दुकानदारों द्वारा चाय, पकौड़े.व समोसों का भंडारा लगाया गया। ठिठुरने वाली पड़ रही ठंड में जब लोगों को सुबह-सुबह गर्मागर्म चाय केक साथ समोसे व पकौड़े भी मिले तो उनके चेहरे खिल उठे। भंडारे में 36 बिरादरी के लोगों ने मिल-बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में लोगों ने सामूहिक रूप से नगर खेड़े में सुख व शान्ति की कामना भी की।

आमजन को नशा न करने के बारे में किया जागरूक

कैथल। पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। सोमवार को जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार व चालक संजय दत्त की टीम द्वारा कलायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा दौरान आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक किया गया। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा लगातार आमजन को अवगत करवाया जा रहा है।

दो सटोरिये काबू कर नकदी बरामद की

कैथल। सट्टा खाईवाली का धंधा करने वाले अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए अलग अलग 2 मामलों में 2 आरोपियों को काबू करके उनके कब्जे से 2920 रुपये सट्टा राशि बरामद की गई। सिरटा रोड़ कैथल के पास सड़क पर एक व्यक्ति सट्टा खाईवाली कर रहा था। पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहे आरोपी सिरटा रोड़ कैथल निवासी महेंद्र सिंह को काबू कर लिया गया। जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से 810 रुपए सट्टा राशि बरामद हुई।

संकीर्तन व भंडारे का किया आयोजन

सीवन। सीवन में श्री बाबा श्याम परिवार की ओर से 8वें विशाल संकीर्तन एंव भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। यह संकीर्तन नगर के राम लीला मैदान में किया गया। भजन गायक बहादुर सैनी की ओर से श्री बाबा खाटू श्याम का गुणगान किया गया। बहादुर सैनी ने भजनों के माध्यम से समा बांध दिया और संकीर्तन में भक्तों को भक्ति रस में नाचने पर मजबूर कर दिया।

सेंधमारी के मामलों में पांच आरोपी गिरफ्तार

कैथल। अलग-अलग 5 मामलों में 5 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी गांव कम्हेड़ी निवासी बलजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। रामनगर पंजाब निवासी करनैल की शिकायत अनुसार उसकी गांव कम्हेड़ी स्थित दुकान से 1 दिसंबर 2022 को उसने दुकान को चेक किया तो वहां से 2 एसी, 2 बैटरी, इन्वर्टर, गैस सिलेंडर व अन्य सामान चोरी हुआ पाया। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज है।

एससी समाज और कांग्रेस एक-दूसरे के पूरक : भूपेंद्र हुड्डा

भाजपा ने सत्ता में आने से पहले किया एक भी वादा नहीं निभाया

जींद से कांग्रेस का हर घर कांग्रेस, घर-घर कांग्रेस अभियान का आगाज, पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने दो किलोमीटर से ज्यादा लंबा पैदल मार्च किया, दुकानदारों तथा आमजन से मिलकर लोगों को कांग्रेस से जोड़ने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। कांग्रेस के हर घर कांग्रेस, घर-घर कांग्रेस अभियान का आगाज बाजार से करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा कार्यकर्ताओं के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा के पूर्व सीएम एवं प्रतिपक्ष नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सोमवार को हरियाणा की राजनीति के गढ़ माने जाने वाले जींद की धरती से कांग्रेस के हर घर कांग्रेस, घर-घर कांग्रेस अभियान का आगाज किया। उन्होंने डोर टू डोर बाजार में दुकानदारों तथा आमजन से कांग्रेस पार्टी के साथ जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि राम सभी के हैं। भाजपा ने जो वायदे सत्ता में आने से पहले किए थे, क्या वे सता मे आने के बाद पूरे किए। एससी समाज को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस तथा एससी समाज का एक-दूसरे के बैगर गुजारा संभव नही है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से रू बरू होंगे।

राहुल गाधी की न्याय यात्रा को मणीपुर मे भारी समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस से गठबंधन की बात कहने वाले आप नेता अनुराग ढांडा के बारे में कहा कि वे किसी अनुराग ढांडा को नही जानते। कांग्रेस संगठन के सवाल पर उन्होंने कहा कि जल्द कांग्रेस संगठन की घोषणा की जाएगी। रविदास धर्मशाला में उन्होंने कहा कि एससी समाज का कांग्रेस घर है। जब कांग्रेस की सरकार नही होती तब एससी समाज के साथ 'यादा अन्याय होता है। दोनों का एक दूसरे के बैगर गुजारा नही चलता। डा. भीमराव अंबेडकर के साथ उनके पिता ने काम किया हुआ है। एससी समाज कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी है। कांग्रेस राज में उन्होंने सौ-सौ गज के प्लाट दिए। बच्चो के वजीफे दिए। भाजपा ने कुछ नहीं किया।

अब भाजपा से पीछा छुडवाना है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मणीपुर से शुरू हुई न्याय यात्रा में शामिल होकर सोमवार दोपहर को भूपेंद्र हुड्डा सीधे जींद पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले रानी तालाब स्थित अंबेडकर चौक पर पहुंचे और माल्यार्पण कर अनुसूचित जाति एकता मंच के चले रहे धरने का समर्थन किया। उनका पैदल मार्च पालिका बाजार, सिटी

जींद। शिव चौक पर भगवान शिव को नमन करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

थाना, मेन बाजार, तांगा चौक, पंजाबी बाजार होते हुए शिव चौक पहुंचे। इस मौके पर सफीदों के विधायक सुभाष गांगोली, कांग्रेस के जिला प्रभारी आनंद सिंह दांगी, रमेश सैनी, बलराम कटवाल, परमेंद्र ढुल,महाबीर कंपूटर, महाबीर गुप्ता, राजू लखीना, दीपक पिंडारा, प्रो. धर्मेंद्र , करतार सैनी, बलजीत रेढ़ू, सुरेश गोयत, प्रदीप गिल, पवन गर्ग, रिषीपाल हैबतपुर, शिबू जिंदल, दिनेश डाहौला, सतपाल सतू, कमल चौहान, सांरग शमशेर, विजेंद्र ढाटरथ, विरेंद्र घोघडिया, जगबीर ढिगाना समेत भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

उद्यमिता और स्वरोजगार, यही देश का आधार : डॉ. नवीन

जींद। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में स्वाबलंबी भारत अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत ईफा एकेडमी अर्बन एस्टेट में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मुख्य वक्ता डा. नवीन शर्मा ने छात्रों को नौकरी के साथ-साथ स्वरोजगार पर भी ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया व स्वावलंबी भारत अभियान वालेंटियर के रूप में रजिस्ट्रेशन किया। छात्रों को अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उद्यमिता और स्वरोजगार देश का आधार है। इस अवसर पर ईफा अकेडमी संचालिका नेहा शर्मा ने कहा कि अकेडमी कई सालों से बच्चों को बेहतर शिक्षा दे रही है। इस मौके पर प्राध्यापक मिश्रा, अशोक शर्मा, जिला पूर्णकालिक अनिल कुमार व डा. नवीन शर्मा उपस्थित रहे।

ढाकल में युवा खेल महोत्सव का आयोजन

नरवाना। भारत जनवादी नौजवान सभा द्वारा सोमवार को गांव ढाकल में अजैब गुरूसर की अध्यक्षता में युवा खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच अनिल कुंडू उपस्थित हुए। नौजवान सभा की तहसील कमेटी की ओर से रीतू, सुमित, नवीन, शंकर शामिल रहे। खेल महोत्सव में पांच वर्गों में लड़कों के बीच और दो वर्गों में लड़कियों के बीच फ्री स्टाईल कुश्ती का आयोजन किया गया। इसमें 41 लड़कों व 14 लड़कियों ने भाग लिया। इसके अलावा बुजूर्ग दौड़, महिला मटका दौड़ व लड़कियों की रेस का भी आयोजन किया गया। डीवाईएफआई के रा'य सचिव नरेश दनौदा ने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज जब बेरोजगारी अपने चरम बिंदू पर है नौजवान अपराध और नशे की चपेट में फंसते जा रहे हैं ऐसे में जरूरी है कि नौजवानों को पथभ्रष्ट होने के लिये उन्हें खेल के मैदानों में उतार दें। उन्होंने मंच से युवाओं को आह्वान नारा दिया कि नशे की गुलामी को छोड़ो खेल संस्कृति से नाता जोड़ो। ढाकल के वासियों ने खेल को बहुत ही उत्साह से देखा और प्रतिभागियों का हौंसला बढाया। इस कार्यक्रम में वीरेंद्र, विक्की, प्रदीप घनघंस, राजेश कुंडू, दीपक आदि शामिल रहे।

कांग्रेस ने हर वर्ग की भलाई के लिए बनाई थी नीतियां

पूंडरी। कांग्रेस की वरिष्ठ महिला नेत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पूंडरी हलके से सबसे करीबी सुनीता बत्तान ने कहा कि प्रदेश की जनता गठबंधन सरकार के शासनकाल से तंग व परेशान आ गई है। भाजपा के तुगलकी फरमानों से हर वर्ग त्रस्त है व बढ़ती महंगाई ने हर वर्ग का बजट बिगाड़ कर रख दिया है। बढ़ती महंगाई ने तो हर वर्ग की जेब पर डाका डालने का कार्य किया है। सुनीता बत्तान गांव पाई में ग्रामीणों को संबोधित कर रही थी। सुनीता बत्तान ने कहा कि इनैलो व अन्य दलों का तो राजनीतिक वजूद ही समाप्त हो गया है। जनता को फिर से कांग्रेस का शासनकाल याद आने लग गया है। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में हर वर्ग की भलाई के लिए नीतियां बनाई थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अगली सरकार चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की बनेगी व तब एक बार फिर से हर वर्ग की भलाई के लिए नीतियां बनाई जाएंगी, क्योंकि कांग्रेस पार्टी की यही सोच व नीति है कि जनता का भला करना कांग्रेस की प्राथमिकता है। इस मौके पर पूंडरी हलके के ग्रामीण मौजूद रहे।

अवैध पार्किंग ने वाहन चालकों व राहगीरों का किया जीना दुश्वार

राजौंद। नगर की सड़कों पर अतिक्रमण व अवैध पार्किंग ने वाहन चालकों व राहगीरों का जीना दुश्वार करके रख दिया हैं। कैथल.असंध मार्गए पूण्डरी .राजौंद मार्ग, पूण्डरी चौंक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास, मेन बाजार के समीप अतिक्रमण दिनों.दिन गंभीर समस्या का रूप लेता जा रहा है। राहगीरों व वाहन चालक विजय कुमार, सतीश, रामबीर, राजकुमार ने कहा की सड़क में डिवाइडर बनने के बाद पहले ही सड़क सिकुड़ गई है दूसरा अतिक्रमण के साथ.साथ अवैध पार्किंग के चलते राहगीरों का खाली गुजरना भी बड़ा कठिन होकर रह गया है। जिसकी तरफ प्रशासन कोई कदम नहीं उठा रहा।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर बनाई रणनीति

- शोभायात्रा, अखंड़ रामायण पाठ के साथ होगा भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों के पौराणिक प्राचीन नागक्षेत्र तीर्थ प्रांगण में नगर के सामाजिक व धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष जयदेव माटा व संचालन संजीव गौत्तम ने किया। इस बैठक में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर श्री राम लला के प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव के संदर्भ में नगर को राममय करने व्यापक विचार-विमर्श किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 जनवरी को दोपहर 1 बजे महाभारतकालीन

सफीदों। संकल्प लेने के उपरांत जयघोष करते पदाधिकारीगण व कार्यकर्त्ता।

नागक्षेत्र सरोवर प्रांगण से श्री रामलला विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

यह शोभायात्रा पूरे नगर के प्रमुख बाजारों व मौहल्लों में से होकर गुजरेगी। इससे अगले दिन 21 जनवरी को नागक्षेत्र मंदिर में प्रातः 10 बजे अखंड श्री रामायण पाठ का शुभारंभ होगा। उसके उपरांत 22 जनवरी को सुबह रामायण पाठ का भोग व भजन कीर्तन का आयोजन होगा।

इसके अलावा इसी सरोवर पर बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से श्री अयोध्या धाम में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लाईव प्रसारण श्रभ्द्धालुओं को दिखाया जाएगा। जब अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हो जाएगा उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इस बैठक में उपस्थित संस्थाओं के पदाधिकारियों व कार्यकर्त्ताओं ने सभी कार्यक्रमों को एकजूट होकर कर्मठता के साथ सफल बनाने की शपथ भी ली। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा, जिला प्रसाद प्रमुख सत्यदेव चौबे व जिला सचिव प्रमोद गौत्तम ने बताया कि सफीदों में श्री अयोध्या धाम से पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर का चित्र व पत्रक वितरण का कार्य जोरों से चल रहा है और अनेक स्थानों पर पूजित अक्षत कलश यात्राएं भी निकाली जा रही है।

शहरों की सड़कों पर घूम रहा गोवश

नरवाना। आज भी गौवंश सड़कों पर आवारा घूमता व भूखा गौवंश कचरे से गंदगी व पॉलिथीन खाने को मजबूर है। शहर की हुडा मार्केट, सब्जी मंडी सहित शहर के कई हिस्सों में गौवंश कूड़े में भोजन तलाशने को मजबूर है। शहर में गोवंश की दुर्दशा लगातार बढ़ती जा रही है। विडंबना है कि देवताओं को भी भोग और मोक्ष प्रदान करने की शक्ति रखने वाली गौमाता आज चारे के अभाव में प्लास्टिक की थैलियों से पेट भरने को मजबूर है। हमारे देश में गाय को पूजा जाता है। सुख.समृद्धि की प्रतीक रही गाय आज कूड़े में प्लास्टिक की थैलियां खाती दिखती है। शहर के रेलवे रोड़ पर स्थित हुडा मार्केट में कूड़े का प्वाइंट बना होने के कारण आसपास से आवारा गौवंश कचरा खाने के लिए दौड़ती है।

बेसहारा लोगों के बीच लिया श्याम बाबा का नाम

- वृद्धाश्रम में बेसहारा लोगों के साथ मनाई गई मकर संक्रांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

श्री खाटू श्याम जी परिवार जींद द्वारा हांसी रोड स्थित ईक्कस के वृद्धाश्रम में बेसहारों के बीच मकर संक्रांति का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन भी किया गया। इस समारोह में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष राजकुमार गोयल मुख्यअतिथि रहे जबकि जन सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर डा. स्वामी परमानंद महाराज का प्रमुख सानिध्य रहा। समारोह में संकीर्तन के साथ-साथ

जींद। संकीर्तन में उपस्थित मुख्य अतिथि व श्रद्धालुगण। *फोटो : हरिभूमि*

प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी रहा। इस अवसर पर कपिल देव, सोनू जैन, सुनील गोयल, सावर गर्ग, पवन सिंगला, पवन बंसल, सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह में प्रमुख कलाकार अतुल गोयल, जतिन धवन, दीक्षा जांगडा, रोहित राजपूत इत्यादि कलाकारों ने अपने सुंदर-सुंदर भजनों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया और श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। सुंदर-सुंदर भजनों के माध्यम से इन बेसहाराओं का मन मोह लेने का प्रयास किया और इन्हें झूमने पर मजबूर किया। राजकुमार गोयल ने कहा कि आज की इस भाग-दौड़ की जिंदगी में हर आदमी व्यस्त है। प्रभू का नाम लेने का भी किसी के पास भी वक्त नही है। ऐसे में इस प्रकार के संकीर्तन व धार्मिक कार्यक्त्रम भगवान का नाम लेने का एक अच्छा साधन है। हमें समय समय पर इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्त्रमों का आयोजन करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज श्री खाटू श्याम जी परिवार जींद द्वारा ईक्कस गांव में स्थित वृद्धाश्रम में बेसहाराओं के बीच श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया है। उसके लिए यह पूरी संस्था बधाई का पात्र है। डा. स्वामी परमानंद महाराज ने कहा कि जींद के आसपास इस प्रकार का कोई भी आश्रम नहीं था।

राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल जिले में रहा प्रथम

- मुख्यमंत्री सौंदर्यकरण योजना के तहत खंड स्तरीय स्पर्धा जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

मुख्यमंत्री सौंदर्यकरण योजना के तहत खंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद जिला स्तर पर भी राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों ने बाजी मारी है। विद्यालय के प्राचार्य डा. योगेंद्रपाल सिंह ने बताया कि पहले विद्यालय खंड स्तर पर सौंदर्यकरण प्रतियोगिता में प्रथम रहा था जिसमें 50 हजार रूपए की इनामी राशि प्राप्त की थी। अब विद्यालय जिला स्तर पर प्रथम रहा है

डा. योगेंद्रपाल सिंह

जिसमें विद्यालय को एक लाख रूपए की इनाम राशि प्राप्त होगी। योगेंद्रपाल सिंह ने बताया कि आगे प्रयास रहेगा यह रहेगा कि विद्यालय राज्य स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन करके प्रथम स्थान प्राप्त करे। स्कूल शिक्षा के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास में जुटा हुआ है और उनको हर संभव सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। स्कूल में स्मार्ट कक्षाएं, सुव्यवस्थित लैब, लाइब्रेरी साईंस व मैथ पार्क पूरे प्रदेश में रोल मॉडल बन चुका है।

एसडी महिला महाविद्यालय में मनाया थल सेवा दिवस

नरवाना। एसडी महिला महाविद्यालय के एनसीसी विभाग द्वारा भारतीय थल सेवा दिवस मनाया गया। एनसीसी कमांडेन्ट नयनदीप ने बताया कि यह दिवस हमारे भारत में हर साल भारत के पहले शीर्ष कमांडर इन चीफ करियप्पा के पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष में मनाया जाता है। इस दिवस पर पूरा देश थल सेना की बहादुरी व साहस को सलाम करता है। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. अंजना लोहान ने बच्चों को भारतीय सेना के त्याग व बलिदान के बारे में बताकर सेना की उपलब्धियों के प्रति जागरूक किया व बच्चों को सेना में अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्या महोदया स्वयं एनसीसी में सी सर्टिफिकेट होल्डर रह चुकी हैं। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को एनसीसी तथा आर्मी के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करते हुए एकता एवं साहस के साथ भविष्य निर्माण करने का संदेश दिया। इस अवसर पर बच्चों ने चार्ट बना कर अपना उत्साह दिखाया तथा भारत माता की जय, जय जवान का नारा देते हुए यह दिवस मनाया। इस मौके पर एनसीसी ट्रेनर प्रीति व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

अभियान की प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने की शुरुआत

भाजपा ने शहर में चलाया दीवार लेखन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भारतीय जनता पार्टी कैथल की और से आज दीवार लेखन अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने हुड्डा मार्केट, सैक्टर 19 कैथल में दीवार लेखन कर /"एक बार फिर से भाजपा सरकार/" और कमल का फूल बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं और आमजनों को बताया कि आज कैथल में 5 दीवारों पर यह दीवार लेखन का अभियान चलाया है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की

कैथल। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी दीवार लेखन अभियान की शुरुआत करते हुए।

सरकार जब से बनी है, तब से लेकर आज तक विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका लाभ सीधे हम सभी जनता को मिल रहा है। आने वाले दिनों में और भी ऐसी कई योजनाएं भारत सरकार चलाने वाली है, जिसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है और उसे मुख्यधारा से जोड़ना है। हरियाणा के हर बूथ पर आयोजित शुरू हुआ दीवार पर नारा लेखन अभियान। भाजपा के दीवार लेखन अभियान प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम आयोजित कर कार्यकताअरं को अगले लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा भारत माता की सेवा को समर्पित पार्टी है। यह किसी जाति व या किसी क्षेत्र की नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की पार्टी है। भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। उन्होंने कार्यकताअरं से कहा कि अगला एक वर्ष बहुत महत्वपूर्ण है। सभी को बिना थके संगठन को मजबूत करने के लिए काम करना है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश एवं उनकी सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कार्यकर्ता वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करेंगे। पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए भाजपा कार्यकताअरं के आवास की दीवार पर नारा लिखने का अभियान चलेगा।